भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 116
29 जुलाई, 2026 को उत्तर के लिए

बिहार में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) एवं राष्ट्रीय गोकुल मिशन (आरजीएम)

116 डा. धर्मशीला गुप्ताः

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि बिहार में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) तथा राष्ट्रीय गोकुल मिशन (आरजीएम) के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों के दौरान विभिन्न परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है;

(ख) यदि हाँ, तो स्वीकृत परियोजनाओं, संस्वीकृत एवं व्यय की गई धनराशि तथा इनसे लाभान्वित हुए मत्स्य पालकों एवं दुग्ध उत्पादकों का वर्ष वार एवं जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने बिहार में मत्स्य उत्पादन, डेयरी अवसंरचना, शीत श्रृंखला (कोल्ड चेन) सुविधाओं, प्रसंस्करण इकाइयों तथा नस्ल सुधार कार्यक्रमों के विस्तार के लिए कोई नई योजना तैयार की है ?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) से (ग) : विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

बिहार में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) एवं राष्ट्रीय गोकुल मिशन (आरजीएम) के संबंध में संसद सदस्य, डॉ. धर्मशीला गुप्ता द्वारा पूछे गए दिनांक 29-07-2026 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 116 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ग) : मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय द्वारा बिहार सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में मात्स्यिकी और जलकृषि क्षेत्र के समग्र विकास हेतु वित्तीय वर्ष 2020-21 से 20,750 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) का कार्यान्वयन किया जा रहा है। PMMSY के तहत, मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने बिहार सरकार को विभिन्न मात्स्यिकी गतिविधियों के लिए 579.72 करोड़ रुपये की राशि का अनुमोदन प्रदान किया है जिसमें केन्द्र का शेयर 193.13 करोड़ रुपये है। बिहार सरकार द्वारा यथा सूचित, इस धनराशि में से विगत तीन वर्षों में वर्ष 2023-24 से वर्ष 2025-26 के दौरान, विभिन्न जिलों को 107.30 करोड़ रुपए की कुल धनराशि संस्वीकृत की है और 73.59 करोड़ रुपए की राशि का उपयोग किया गया है। बिहार के लिए स्वीकृत प्रमुख परियोजनाओं में एकीकृत जल-पार्क, थोक मत्स्य बाजार, एकीकृत जलाशय विकास, गुणवत्ता परीक्षण और रोग निदान के लिए रेफरल प्रयोगशालाएं, मत्स्य प्रजनक बैंक, हैचरी आदि शामिल हैं। इसके अलावा, मछुआरों, उद्यमियों और अन्य संबंधित लोगों को लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रम, सर्वोत्तम कार्य-पद्धतियों की जानकारी देने और निरंतर तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए हाल ही में 15 जून, 2026 को पटना में राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (NFDB) के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया है। PMMSY के तहत विगत तीन वर्षों के दौरान, बिहार में संस्वीकृत, उपयोग की गई धनराशि और लाभान्वित मत्स्य किसानों की संख्या का जिला-वार विवरण अनुबंध-I में संलग्न है।

राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करने के लिए, पशुपालन और डेयरी विभाग(DAHD), भारत सरकार दिसंबर 2014 से बिहार सहित देश भर में सभी डेयरी किसानों के लिए दूध उत्पादन को अधिक लाभकारी बनाने और स्वदेशी नस्लों के विकास एवं संरक्षण, गोजातीय (बोवाइन) आबादी के आनुवंशिक सुधार और दुग्ध उत्पादन तथा उत्पादकता बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन

(आरजीएम) का कार्यान्वयन कर रहा है। बिहार में की गई प्रमुख पहलों में 64.87 लाख कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम का कार्यान्वयन शामिल है जिनसे 29.16 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं, 10,122 कृत्रिम गर्भाधान में सेक्स-सॉर्टेड सीमेन तकनीक का उपयोग जिससे 9,020 किसान लाभान्वित हुए हैं, पूर्णिया में एक अत्याधुनिक सीमेन स्टेशन की स्थापना, पटना और मोतिहारी में दो इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) प्रयोगशालाओं की स्थापना, किसानों के घर पर कृत्रिम गर्भाधान सेवाएं प्रदान करने के लिए ग्रामीण भारत में 5,433 बहुउद्देशीय कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियनों (मैत्री-MAITRI) को प्रशिक्षित और सुसज्जित करना, और मुंगेर तथा डुमराव, प्रत्येक में, 500 बछिया की क्षमता वाले दो बछिया पालन केंद्रों की स्वीकृति शामिल है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन कार्यक्रम के तहत, पशुपालन और डेयरी विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी

मंत्रालय, भारत सरकार ने बिहार सरकार को 79.29 करोड़ रुपए की राशि जारी की है और राज्य द्वारा इसका उपयोग कर लिया गया है।

इसके अतिरिक्त, आरजीएम योजना के तहत बिहार सहित देश भर में स्वदेशी गोजातीय नस्लों के महत्व के बारे में किसानों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए प्रजनन शिविर, दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता, बछड़ा रैली, किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमिनार और कार्यशाला, संगोष्ठी आदि आयोजित किए गए हैं। आरजीएम के राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम (एनएआईपी) के तहत अब तक लाभान्वित हुए किसानों का जिला-वार विवरण अनुबंध-II में संलग्न है।

DAHD, बिहार समेत पूरे देश में दूध के प्रसंस्करण, विपणन और ग्रामीण आजीविका को मज़बूत करने के लिए 'राष्ट्रीय डेरी विकास कार्यक्रम ' (NPDD) और 'पशुपालन अवसंरचना विकास कोष ' (AHIDF) को भी क्रियान्वित कर रहा है। बिहार में NPDD के तहत, रोज़ाना 7 लाख लीटर की चिलिंग क्षमता बनाई गई है, 21 डेयरी संयंत्र की प्रयोगशालाओं को सुदृढ़ किया गया है और 13,590 ग्राम स्तरीय गुणवत्ता परीक्षण उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। विपणन अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए 3,426 डीप फ्रीज़र और विज़ी कूलर की भी आपूर्ति की गयी है। पिछले दो वर्षों में, 'श्वेत क्रांति' (White Revolution) पहलों के तहत 11,834 डेयरी सहकारी समितियाँ (DCS) बनाई गई हैं। AHIDF के तहत, निजी और सहकारी दोनों सेक्टर में कुल 7.55 लाख लीटर प्रति दिन (LLPD) की क्षमता वाली डेयरी प्रोसेसिंग यूनिट्स को मंज़ूरी दी गई है।

****

अनुबंध-I

बिहार में पीएमएमएसवाई और आरजीएम के संबंध में माननीय संसद सदस्य, डॉ. धर्मशीला गुप्ता द्वारा पूछे गए दिनांक 29.07.2026 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 116 के उत्तर में उल्लिखित विवरण :

पीएमएमएसवाई के तहत विगत तीन वर्षों के दौरान बिहार में स्वीकृत धनराशि, उपयोग और लाभान्वित मत्स्य किसानों की संख्या का जिलावार विवरण।

क्रम संख्या	जिले का नाम	स्वीकृत धनराशि (लाख रुपए में)				उपयोग की गई धनराशि (लाख रुपए में)				लाभान्वित मत्स्य किसानों की संख्या			
		2023-24	2024-25	2025-26	कुल	2023-24	2024-25	2025-26	कुल	2023-24	2024-25	2025-26	कुल
1	अररिया	152.00	1.20	0.00	153.20	116.44	0.00	0.00	116.44	34	0	0	34
2	अरवल	92.00	0.00	10.00	102.00	91.23	0.00	0.00	91.23	31	0	0	31
3	औरंगाबाद	219.80	0.00	0.00	219.80	191.39	0.00	0.00	191.39	62	0	0	62
4	बांका	364.79	20.00	0.00	384.79	199.52	15.00	0.00	214.52	57	3	0	60
5	बेगूसराय	277.70	0.00	0.00	277.70	225.91	0.00	0.00	225.91	45	0	0	45
6	भागलपुर	419.75	61.80	0.00	481.55	226.85	14.80	0.00	241.65	76	3	0	79
7	भोजपुर	147.90	0.00	0.00	147.90	92.49	0.00	0.00	92.49	25	0	0	25
8	बक्सर	79.70	0.00	0.00	79.70	73.08	0.00	0.00	73.08	30	0	0	30
9	दरभंगा	261.94	0.00	0.00	261.94	183.91	0.00	0.00	183.91	73	0	0	73
10	पूर्वी चंपारण	194.03	3.20	0.00	197.23	135.65	1.60	0.00	137.25	47	1	0	48
11	गया	290.40	0.00	0.00	290.40	147.60	0.00	0.00	147.60	26	0	0	26
12	जमुई	496.93	15.00	0.00	511.93	298.18	0.00	0.00	298.18	100	0	0	100
13	गोपालगंज	237.17	10.00	0.00	247.17	181.67	8.00	0.00	189.67	42	1	0	43
14	जहाना- बाद	107.50	0.00	0.00	107.50	94.71	0.00	0.00	94.71	25	0	0	25
15	कैमूर	287.94	1.20	0.00	289.14	162.47	1.20	0.00	163.67	58	1	0	59
16	कटिहार	311.03	0.00	0.00	311.03	202.32	0.00	0.00	202.32	62	0	0	62
17	खगरिया	395.80	4.80	0.00	400.60	224.47	0.00	0.00	224.47	55	0	0	55
18	किशनगंज	159.70	0.00	0.00	159.70	131.91	0.00	0.00	131.91	36	0	0	36
19	लखीसराय	180.00	0.00	0.00	180.00	159.98	0.00	0.00	159.98	35	0	0	35
20	मधेपुरा	162.14	0.00	0.00	162.14	121.58	0.00	0.00	121.58	44	0	0	44
21	मधुबनी	360.34	0.00	0.00	360.34	235.99	0.00	0.00	235.99	64	0	0	64
22	मुंगेर	124.26	9.60	0.00	133.86	52.85	6.90	0.00	59.75	19	3	0	22

क्रम संख्या	जिले का नाम	स्वीकृत धनराशि (लाख रुपए में)				उपयोग की गई धनराशि (लाख रुपए में)				लाभान्वित मत्स्य किसानों की संख्या			
		2023-24	2024-25	2025-26	कुल	2023-24	2024-25	2025-26	कुल	2023-24	2024-25	2025-26	कुल
23	मुजफ्फरपुर	828.17	21.20	0.00	849.37	475.01	0.00	0.00	475.01	74	0	0	74
24	नालंदा	428.40	6.00	0.00	434.40	344.37	3.00	0.00	347.37	115	1	0	116
25	नवादा	113.92	0.00	0.00	113.92	75.14	0.00	0.00	75.14	32	0	0	32
26	पटना	368.70	0.00	0.00	368.70	147.87	0.00	0.00	147.87	46	0	0	46
27	पूर्णिया	209.34	33.20	0.00	242.54	117.28	0.00	0.00	117.28	19	0	0	19
28	रोहतास	278.76	0.00	0.00	278.76	195.60	0.00	0.00	195.60	58	0	0	58
29	सहरसा	176.64	1.80	0.00	178.44	132.91	0.90	0.00	133.81	34	1	0	35
30	समस्तीपुर	399.94	19.80	0.00	419.74	386.18	19.80	0.00	405.98	69	2	0	71
31	सारण	180.95	0.00	0.00	180.95	109.92	0.00	0.00	109.92	37	0	0	37
32	शेखपुरा	671.00	1.20	0.00	672.20	587.65	1.20	0.00	588.85	118	1	0	119
33	शिवहर	164.49	0.00	0.00	164.49	141.12	0.00	0.00	141.12	37	0	0	37
34	सीतामढ़ी	204.94	0.00	0.00	204.94	171.74	0.00	0.00	171.74	54	0	0	54
35	सिवान	180.75	0.00	0.00	180.75	140.51	0.00	0.00	140.51	26	0	0	26
36	सुपौल	121.20	0.00	0.00	121.20	112.02	0.00	0.00	112.02	32	0	0	32
37	वैशाली	559.68	0.00	0.00	559.69	445.10	0.00	0.00	445.10	67	0	0	67
38	पश्चिम चंपारण	280.74	19.40	0.00	300.14	153.91	0.00	0.00	153.91	44	0	0	44
	कुल	**10490.45**	**229.40**	**10.00**	**10729.85**	**7286.50**	**72.40**	**0.00**	**7358.90**	**1908**	**17**	**0**	**1925**

अनुबंध-II

बिहार में पीएमएमएसवाई और आरजीएम के संबंध में माननीय संसद सदस्य, डॉ. धर्मशीला गुप्ता द्वारा पूछे गए दिनांक 29.07.2026 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 116 के उत्तर में उल्लिखित विवरण:

राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत देशव्यापी कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम (NAIP) से लाभान्वित किसानों की ज़िलेवार संख्या

ज़िला	लाभान्वित किसानों की संख्या
अररिया	61137
अरवल	25260
औरंगाबाद	35067
बांका	80599
बेगूसराय	123177
भागलपुर	74333
भोजपुर	108501
बक्सर	85224
दरभंगा	110299
गया	53505
गोपालगंज	64874
जमुई	51693
जहानाबाद	21520
कैमूर (भभुआ)	64077
कटिहार	67371
खगरिया	117321
किशनगंज	18797
लखीसराय	58276
मधेपुरा	90501
मधुबनी	47318
मुंगेर	37379
मुजफ्फरपुर	136271
नालंदा	36996
नवादा	17536
पश्चिम चंपारण	77102
पटना	98156
पूर्वी चंपारण	148293
पूर्णिया	101720
रोहतास	105017
सहरसा	110179
समस्तीपुर	204931
सारण	111797
शेखपुरा	7991
शिवहर	37608
सीतामढ़ी	60765
सिवान	31077
सुपौल	141540
वैशाली	92800

***